# चलती बस के पहिये के पास लगी आग

## बस को खाली कराया, टला हादसा



**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज 20 दिसम्बर, सिरोंज-भोपाल रोड पर ग्राम भन्नाखेड़ा के समीप शनिवार को सुबह चलती बस के पहिये के पास में अचानक आग लग गई. गनीमत यह रही कि इसकी जानकारी मिलने पर तत्काल बस से यात्री को उतरकर बस को खाली करा लिया गया. और आग पर तत्काल काबू पाया लिया गया. जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया.**

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को सुबह एक बस सिरोंज से भोपाल की ओर जा रही थी. जिसमें कई यात्री सवार थे. जब बस सिरोंज-भोपाल रोड पर ग्राम भन्नाखेड़ा के समीप पहुंची. इस दौरान बस के पहिये के पास में अचानक आग लग गई. इस दौरान बस से धुआं उठता देख तत्काल बस में से यात्रियों को बाहर उतारकर बस को खाली कराया गया. तथा आग पर काबू पाया गया. जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया. जिसके बाद एक अन्य बस के माध्यम से यात्रियों को रवाना किये जाने की जानकारी मिली है. यातायात प्रभारी सूबेदार रीतेश बाघेला ने बताया कि सिरोंज भोपाल रोड पर बस के पहिये के पास आग लगने की घटना की सूचना मिली है. उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा क्षेत्र में वाहनों की जांच हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है. वही वाहनों में कमी मिलने पर कार्यवाही भी की जा रही है. उन्होंने बताया कि यात्री वाहनों में सुरक्षा मानको की भी जांच की जा रही है. यात्री वाहनों में सुरक्षा उपकरण, मेडिकल बॉक्स, इमरजेंसी विंडो आदि की भी जांच की जा रही है. वाहन चालकों को तेज गति से वाहन ना चलाने की भी हिदायत दी जा रही है. गौरतलब है कि क्षेत्र में इन दिनों आये दिन वाहन दुर्घटनाएं घटित हो रही है. जिनमें कई बार लोगों की जान भी जा रही है. बीते दिनों भी सिरोंज भोपाल रोड पर एक वाहन दुर्घटना हुई थी. जबकि आसपास के अन्य रोड़ पर भी आये दिन वाहन घटनायें हो रही है.

# दाऊद बासौदा पंचायत तक पहुंच मार्ग न होने से ग्रामीण हो रहे परेशान



**नवभारत न्यूज**
**पठारी 20 दिसम्बर, एक ओर जहां प्रदेश सरकार गांव-गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए डामरीकृत एवं सीसी सड़कों के जाल बिछाकर निर्माण कराने पर जोर दे रही है, वहीं दूसरी ओर कुरवाई विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुख्यालय दाऊद बासौदा की मुख्य सड़क ही खस्ताहाल है. जाजोन मुख्य मार्ग से लगभग 4 किलोमीटर की है सड़क पगडंडी से दाऊद बासौदा तक पहुंचना पड़ता है जाजोन मुख्य मार्ग से सड़क नहीं होने की वजह बारिश के दिनों में ग्रामीणों को गांव से आने जाने में काफी मुश्किल होती है.**

पठारी से 10 किलोमीटर दूर स्थित त्योंदा तहसील के ग्राम दाऊद बासौदा के सरपंच भैया राम यादव, पूर्व सरपंच प्रकाश कुर्मी, किशन लाल शर्मा ने बताया कि पठारी गंजबासौदा मार्ग के जाजोन तिगड्डा से मात्र 4 किलोमीटर दूर बसे ग्राम दाऊद बासौदा पहुंच मार्ग की हालत बेहद खराब है। इस पर वाहन चलाना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। ग्राम जाजोन के सरपंच जगपाल सिंह भदौरिया ने बताया कि दाऊद बासौदा तक के खराब रास्ते के कारण ग्रामीणों को बारिश के मौसम में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है.ग्रामीणों को बरसात में बंधा डैम से जान जोखिम में डालकर निकलकर जाना पड़ता है.जब डैम में पानी अधिक हो जाता है, तो ग्रामीणों को 30 किलोमीटर का चक्कर लगाकर उदयपुर होकर जाना पड़ता है.पूर्व सरपंच प्रकाश कुर्मी का कहना है कि एक ओर सरकार गांव-गांव को सड़क से जोड़ने की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ आजादी के बाद से आज भी कोई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी इस ग्राम की ओर ध्यान देने वाला नहीं है.

## एक नजर में

### अफवाह फैलने से दहशत का बना माहौल

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** गोकुलधाम कॉलोनी के निकट रेलवे अंडरब्रिज के पास बैठे कुछ लड़कों ने एक गाय जो रेल पटरी के पास खड़ी थी उसे भगाने लड़कों ने पत्थर मारना शुरू कर दिया.वह पत्थर चलती ट्रेन के कुछ लोगों को लगे इसकी शिकायत रेलवे स्टेशन बासौदा को मिली तो घटनास्थल पर पुलिस पहुंच गई और उक्त लड़कों को पकड़ लाई. इससे अफवाह फैल गई की ट्रेन पर अज्ञात लोगों ने पथराव किया. रेलवे पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची.इसकी जानकारी भोपाल तक पहुंच गई. पूछताछ में पता लगा की वह लड़के गाय को पत्थर मार रहे थे.इसके बाद उन लड़कों को छोड़ दिया गया.परंतु शहर में अफवाह फैल गई की ट्रेन पर बदमाशों ने पथराव किया है.

### राजपूत बने अभिभाषक संघ के अध्यक्ष

**नवभारत न्यूज**



**गंजबासौदा,** अभिभाषक संघ के चुनाव संपन्न हुए.जिसमें अध्यक्ष अमान सिंह राजपूत भारी बहुमत से चुनाव जीते. इसके साथ द्वारका प्रसाद किरार उपाध्यक्ष, राजेश शर्मा सचिन, सौरभ सक्सेना सहसचिव, सिद्धार्थ जैन कोषाध्यक्ष, पुस्तकालय सचिव अर्जुन सिंह, सभी पदाधिकारियों का स्वागत अभिभावकों तथा उनके मित्रों ने किया.

# करणी सेना पदाधिकारी वाहन रैली के साथ हरदा के लिए हुए रवाना

**नवभारत न्यूज**
**पठारी,** नगर एवं तहसील क्षेत्र के करणी सेना के पदाधिकारी 21 दिसंबर को हरदा में होने वाले जन क्रांति आंदोलन में शामिल होने के लिए बालाजी धाम बडोह में एकत्रित हुए और वहां से वाहन रैली के साथ दर्जनों कार्यकर्ता हरदा के लिए रवाना हुए पठारी तहसील अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने बताया कि करणी सेवा प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर के नेतृत्व में जन क्रांति आंदोलन किया जा रहा है जिसमें सम्मिलित होने के लिए विदिशा जिले के सभी करणी सेना के पद अधिकारी एवं कार्यकर्ता पहुंच रहे हैं





# आनंदपुर में ओवरलोड समस्या पर कार्रवाई

## नवभारत खबर का हुआ असर

## 5 एमव्हीएम का नया पीटीआर हुआ स्थापित

**नवभारत न्यूज**
**आनंदपुर, किसानों द्वारा लगातार दिए गए आवेदनों और नव भारत में समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद विद्युत अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया. खबर का असर यह रहा कि विद्युत विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 3.15एमव्हीएम के पीटीआर को हटाकर 5 एमव्हीएम का नया पीटीआर स्थापित कर दिया.**

इस परिवर्तन से क्षेत्र में ओवरलोड जैसी समस्या दोबारा उत्पन्न न हो, इसके लिए व्यवस्था मजबूत की गई है. अब किसानों को नियमानुसार और सुचारु रूप से बिजली आपूर्ति मिल सकेगी, जिससे उनकी फसल को नुकसान से बचाया जा सकेगा.किसानों ने इस त्वरित कार्रवाई पर संतोष जताते हुए कहा कि समय पर बिजली उपलब्ध होने से खेती-किसानी के कार्य सुचारु रहेंगे. साथ ही उन्होंने जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए नव भारत का आभार भी व्यक्त किया.

# कूजा में सरपंच पद के उपचुनाव में तीन प्रत्याशी मैदान में

## कूचा में 29 दिसम्बर को होगा मतदान

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज, सिरोंज जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कूजा में सरपंच पद के उपचुनाव के लिए तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में है. वही अब ग्राम पंचायत कूजा में सरपंच पद के उपचुनाव में मतदान 29 दिसंबर को होगा. जबकि 7 ग्राम पंचायतों में एक-एक पंच पद के लिए होने वाले उप निर्वाचन में एक-एक अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किये जाने से पंच पद के लिए अभ्यर्थी निर्विरोध रहे.**

मिली जानकारी के अनुसार सिरोंज जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कूजा में सरपंच पद के लिए उपचुनाव किया जाना है. जिसके लिए नाम वापसी के उपरांत तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में है. वही गत दिनों निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन किया गया. जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कूजा में सरपंच पद के उपचुनाव में आकिब अनीस खान, आरिफ मो. लियाकत खां एवं शिवराज सिंह चुनाव मैदान में है. वही अब ग्राम पंचायत कूजा में सरपंच पद के उपचुनाव में मतदान 29 दिसंबर सोमवार को होगा. जबकि सरपंच की विकासखंड मुख्यालय पर ईवीएम की जाने वाली मतों की गणना 2 जनवरी शुक्रवार को प्रात: 8 बजे से होगी.

### सात ग्राम पंचायतों में एक-एक पंच पद के लिए निर्विरोध रहे अभ्यर्थी

इसके साथ ही सात ग्राम पंचायतों में एक-एक पंच पद के लिए उपचुनाव में एक एक अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किये जाने से निर्विरोध रहे. जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत दामोदरखेड़ी में वार्ड 2 के पंच पद के लिए अभ्यर्थी सीमा बाई, ग्राम पंचायत लिधौड़ा में वार्ड 11 के पंच पद के लिए अभ्यर्थी बतूली बाई, ग्राम पंचायत घोंसुआताल में वार्ड 6 के पंच पद के लिए अभ्यर्थी सावित्री बाई, ग्राम पंचायत ललितपुर में वार्ड 12 के पंच पद के लिए अभ्यर्थी राधा बाई, ग्राम पंचायत रुसल्ली घाट में वार्ड 8 के पंच पद के लिए अभ्यर्थी मुन्ना लाल, ग्राम पंचायत सरेखो में वार्ड 9 के पंच पद के लिए अभ्यर्थी बारेलाल तथा ग्राम पंचायत महुआखेड़ा पृथ्वीराज में वार्ड 4 के पंच पद के लिए अभ्यर्थी जगदीश द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किये जाने से निर्विरोध रहे



# दोषी पर कार्यवाही की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** चिड़ार समाज मंदिर निर्माण समिति देवपुर धाम तहसील सिरोंज द्वारा हिंदू संगठन के साथ मिलकर तहसील पहुंचकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन दिया. जिसमें उन्होंने ग्राम चंदामऊ जिला सागर में हुई आगजनी की घटना के संबंध में न्याय एसआईटी गठन एवं पीडित परिवारों को सहायता प्रदान किए जाने की मांग की. इस मौके पर उन्होंने इस घटना की निंदा करते हुए दोषियों पर कार्यवाही की मांग की. उन्होंने घटना की निष्पक्ष जांच हेतु एस.आई. टी. विशेष जांच दल का गठन करने, दोषियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही करने, पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए की सहायता राशि देने की मांग की. इस दौरान समिति के सदस्यों के साथ हिंदू संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे.

# नपा ने लगाया जनसमस्या निवारण शिविर




**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज, नगर पालिका क्षेत्र में शनिवार से सुशासन सप्ताह का शुभारंभ किया गया. जिसके तहत शहर के सभी वार्डों में जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे हैं. इसी क्रम में वार्ड एक स्थित जयस्तंभ चौराहा पर शनिवार को शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता की.**

शिविर में संपत्तिकर, जलकर सहित अन्य करों की बकाया राशि जमा कराने की सुविधा उपलब्ध कराई गई. इसके साथ ही साफ-सफाई व्यवस्था, नगर पालिका से संबंधित विभिन्न समस्याओं और शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित विभागों द्वारा मौके पर ही कार्यवाही की गई. जिससे नागरिकों को नगरपालिका के चक्कर लगाने से राहत मिल सके. तथा उनकी समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर मिल सके. इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू ने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ शहर के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना ही सुशासन सप्ताह का मुख्य उद्देश्य है. उन्होंने बताया कि इस उद्देश्य से हर वार्ड में ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे. जिससे आम नागरिकों को सुविधा मिले और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके. शिविरों में विभाग के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहेंगे. और नागरिकों को आवश्यक जानकारी भी प्रदान की जाएगी. नगर पालिका के प्रभारी सीएमओ रामप्रकाश साहू ने कहा कि शिविरों में जनसमस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराया जा रहा हैं. शिविर के दौरान नपा उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, हरिचरण अहिरवार, अमित त्यागी सहित नपा के बद्री प्रसाद शर्मा, अरविंद नेमा एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे.

निःशुल्क सेवा
- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.

मोबाइल में बजता है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो रेडियो
84 35 250 250
प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए

# लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे, विवेचना और जनता से बेहतर व्यवहार पर दिया जोर

## थाना सांची में एसपी आशुतोष गुप्ता का औचक निरीक्षण

## अपराध नियंत्रण को लेकर दिए सख्त निर्देश



**नवभारत न्यूज**
**सांची,जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से रायसेन पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने थाना सांची का औचक निरीक्षण किया.इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, अभिलेखों तथा पुलिस की कार्यप्रणाली का गहन निरीक्षण किया.**

निरीक्षण के समय पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी जेपी त्रिपाठी सहित समस्त पुलिस स्टाफ से लंबित अपराधों की समीक्षा की और अपराध निकाल (डिस्पोजल) में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए. उन्होंने स्पष्ट कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी.एसपी आशुतोष गुप्ता ने विवेचना की गुणवत्ता सुधारने, शिकायतों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने, आमजन से शालीन व संवेदनशील व्यवहार रखने तथा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि पुलिस की सतर्कता और सक्रिय कार्यप्रणाली से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है.औचक निरीक्षण के दौरान थाना स्टाफ में विशेष सक्रियता देखने को मिली.वहीं पुलिस अधीक्षक ने अच्छा कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों की सराहना भी की. इस निरीक्षण को जिले में पुलिस व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है.औचक निरीक्षण से स्पष्ट है कि जिले में कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है.

# सोनू यादव बने ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष,सरोज कुलदीप रत्नाकर को शहर कांग्रेस की कमान


**नवभारत न्यूज**
**शमशाबाद,** कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए पार्टी नेतृत्व ने शमशाबाद ब्लॉक कांग्रेस में नई नियुक्तियाँ की हैं. पूर्व युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सोनू यादव को शमशाबाद ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया है.वहीं पूर्व पार्षद सरोज कुलदीप रत्नाकर को शमशाबाद शहर कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है.इन नियुक्तियों से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है.कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित जिले के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए इसे संगठन को मजबूती देने वाला निर्णय बताया.नवनियुक्त पदाधिकारियों सोनू यादव एवं सरोज कुलदीप रत्नाकर को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बधाइयाँ दीं और आशा जताई कि उनके नेतृत्व में ब्लॉक में कांग्रेस संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी.

**रामलीला** | 22 दिसंबर से 9 जनवरी तक चलेगा कार्यक्रम,धार्मिक-सांस्कृतिक महोत्सव, देश-विदेश के पर्यटकों के पहुंचने की संभावना

# सांची में ऐतिहासिक रामलीला का भव्य आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**सांची,वैश्विक पहचान रखने वाला ऐतिहासिक नगर सांची अपनी धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं के लिए भी प्रसिद्ध है. इसी परंपरा को जीवंत बनाए रखते हुए प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर में ऐतिहासिक रामलीला का भव्य आयोजन किया जा रहा है.इस आयोजन के दौरान जहां धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया जाता है, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को संस्कारों से जोड़ा जाता है.**

श्रीरामलीला समिति सांची से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस वर्ष रामलीला का शुभारंभ 22 दिसंबर 2025, सोमवार को भगवान गणेश की स्थापना के साथ होगा, जबकि 9 जनवरी 2026, शुक्रवार को भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ भव्य समापन किया जाएगा.कार्यक्रम विवरण अनुसार 22 दिसंबर इस आयोजन का भगवान श्री गणेश स्थापना के साथ शुभारंभ होगा.23 दिसंबर को श्री शिव विवाह एवं नारद मोह,24 दिसंबर को श्रीराम जन्म, विश्वामित्र आगमन, ताड़का वध एवं यज्ञ रक्षा,25 दिसंबर को अहिल्या उद्धार, जनकपुर भ्रमण एवं वाटिका मिलन, 26 दिसंबर को धनुष यज्ञ तथा लक्ष्मण-परशुराम संवाद,27 दिसंबर को श्रीराम बारात एवं विवाह, 28 दिसंबर को कैकेयी के दो वरदान एवं श्रीराम वनवास, 29 दिसंबर को केवट संवाद, दशरथ मरण एवं भरत मिलाप, 30 दिसंबर को पंचवटी वास, शूर्पणखा नाक-कान भंग एवं खर-दूषण वध, 31 दिसंबर को सीता हरण एवं जटायु उद्धार की लीला का मंचन किया जाएगा.नववर्ष 2026 में 1 जनवरी को शबरी मिलन, सुग्रीव मैत्री एवं बाली वध,2 जनवरी को सीताजी की खोज एवं लंका दहन, 3 जनवरी को विभीषण शरणागति, सेतुबंध, अंगद-रावण संवाद, 4 जनवरी को लंका आक्रमण एवं लक्ष्मण शक्ति, 5 जनवरी को कुंभकर्ण वध तथा 30 फीट ऊंचे कुंभकर्ण पुतले का दहन, 6 जनवरी को मेघनाद वध, 7 जनवरी को अहिरावण वध,8 जनवरी को श्रीराम-रावण युद्ध, रावण वध एवं विभीषण राज्याभिषेक, तथा 9 जनवरी को श्रीराम राज्याभिषेक के साथ रामलीला का समापन होगा.इस रामलीला मंचन में नगर के युवा कलाकार विभिन्न पात्रों की भूमिकाएं निभाएंगे.आयोजन के दौरान होने वाले कार्यक्रमों को देखने के लिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी देश-विदेश से पर्यटकों सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु व दर्शकों के पहुंचने की संभावना है.आस्था, संस्कृति और परंपरा का संगम बनी सांची की रामलीला, हर वर्ष की तरह इस बार भी नगर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर करेगी.



# सामाजिक समरसता, आपस में प्रेम और राष्ट्रीय एकता ही मजबूत राष्ट्र की असली बुनियाद-कादरी

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** भारत माता की आजादी के लिऐ अपनी जान की बाजी लगाने वाले माँ भारती के वीर सपूत , अमर शहीद पं. राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां व ठाकुर रोशन सिंह के शहादत दिवस पर भारत रत्न डा एपीजे अब्दुल कलाम सभाकक्ष सेमरी मे शहीदो की याद मे कार्यक्रम आयोजित किया गया.कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता प्रखर राष्ट्रवादी विचारक चिंतक योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने कहा सामाजिक समरसता, आपस मे प्रेम और राष्ट्रीय एकता ही मजबूत राष्ट्र की असली बुनियाद है.वास्तविक राष्ट्रीय प्रगति का समावेशन से गहरा संबंध है.उन्होंने कहा कि वास्तविक प्रगति तभी संभव है जब समाज का हर वर्ग स्वयं को शामिल, सम्मानित और सशक्त महसूस करे .सामाजिक समरसता और आपसी विश्वास सतत राष्ट्रीय विकास के अपरिहार्य प्रेरक तत्व है. देश की आजादी के लिऐ भारतमाता के सपूत हिंदू-मुस्लिम, सिख - ईसाई सभी ने मिलकर देश आजाद कराया अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम आपस की लडाई झगडे दंगा फसाद बंद करे और नव राष्ट्र का निर्माण करे सभी मिलकर देश संवारे. साक्षरता सह समन्वयक महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया आज ही के दिन 19 दिसंबर 1927 को काकोरी कांड को अंजाम देने वाले देश के तीन वीर सपूतों को अंग्रेजी हुकूमत ने फांसी के फंदे पर चढ़ा दिया था. आज ही के दिन ये तीनों देश की आजादी को समर्पित हो गए थे.रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्लाह खान और ठाकुर रौशन सिंह को लखनऊ के पास काकोरी में ट्रेन लूटने के आरोप में अंग्रजों ने फांसी की सजा दे दी थी.पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष चतर सिंह व समाजसेवी फेरन सिंह लोधी ने बताया कि काकोरी कांड स्वतंत्रता संग्राम की एक स्वर्णिम घटनाओं में से एक है. ऋषिराज लोधी, चाँदनी पंथी ने पूरी घटना बताई कि 9 अगस्त 1925 को रामप्रसाद बिस्मिल सहित करीब 10 क्रान्तिकारियों ने ट्रेन लूटने की योजना बनाई थी. काकोरी रेलवे स्टेशन से जैसे ही ट्रेन थोड़ा आगे बढ़ी, बिस्मिल ने चेन खींच कर ट्रेन रोक दी.इसमें रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्लाह खान, ठाकुर रौशन सिंह और चन्द्र शेखर आजाद भी शामिल थे, जिन्होंने ट्रेन के इंजन और उसके ड्राइवर को कब्जे में कर रखा था.